बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
**सकारण आदेश**

संवेदक Shiv Shankar Singh (Regd. No-1230264), At-Pahlagarh, Post-Sonaili, Dist-Katihar, Pin-855114 द्वारा भवन निर्माण विभाग के अधीन भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखंड में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य की निविदा में भाग लिया गया।

उक्त निविदा में संवेदक द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर निविदा में भाग लिया गया। निविदा में गलत अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करने के कारण अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग का पत्रांक 2483(भ) अनु0 दिनांक 12.03.2026 द्वारा संवेदक Shiv Shankar Singh (Regd. No-1230264) के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया है।

भवन निर्माण विभाग द्वारा संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु किये गये अनुशंसा के आलोक में कार्रवाई किये जाने के पूर्व संवेदक से विभागीय पत्रांक 3587 दिनांक 20.03.2026 एवं पत्रांक 4603 दिनांक 16.04.2026 द्वारा कारणपृच्छा की गई। उक्त कारणपृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक 20.04.2026 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए बताया गया कि *"डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के द्वारा गलत अनुभव प्रमाण अपलोड कर दिया गया।"* स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा स्वयं स्वीकार किया गया है कि निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में भवन निर्माण विभाग के अधीन निविदां में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करने संबंधी आरोपों के आलोक में बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(ix) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक Shiv Shankar Singh (Regd. No-1230264, PAN-BHNPS2741B), At-Pahlagarh, Post-Sonaili, Dist-Katihar, Pin-855114 को 10(दस) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

27/05/2026
(सुधीर कुमार)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–96/2026 6664 /पटना, दिनांकः–29.5.26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/05/2026
अभियंता प्रमुख

P.T.O

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–96 / 2026 6664 / पटना, दिनांकः– 29.5.26

निबंधित

प्रतिलिपिः– Shiv Shankar Singh (Regd. No-1230264), At-Pahlagarh, Post-Sonaili, Dist-Katihar, Pin-855114द्वारा को सूचनार्थ प्रेषित।

27/05/2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–96 / 2026 6664 / पटना, दिनांकः– 29.5.26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/05/2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–96 / 2026 6664 / पटना, दिनांकः– 29.5.26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/05/2026

अभियंता प्रमुख